collegebatch.com

**Series ABDC2/4** | **Set No. 3**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **67/4/3**

अनुक्रमांक
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **19** हैं ।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।*
- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **12** प्रश्न हैं ।*
- ***कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।***
- *इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।*
- *Please check that this question paper contains **19** printed pages.*
- *Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.*
- *Please check that this question paper contains **12** questions.*
- ***Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.***
- *15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.*

# लेखाशास्त्र
# ACCOUNTANCY

*निर्धारित समय : 2 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 40*

*Time allowed : 2 hours* | *Maximum Marks : 40*

collegebatch.com

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से पालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में **दो** भाग हैं – **भाग क** और **भाग ख** । इस प्रश्न-पत्र में **12** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* ***भाग क** सभी परीक्षार्थियों के लिए **अनिवार्य** है ।*

*(iii)* ***भाग ख** में दो विकल्प हैं अर्थात् (1) वित्तीय विवरणों का विश्लेषण और (2) कम्प्यूट्रीकृत लेखांकन । छात्रों को दिए गए विकल्पों में से केवल **एक** ही विकल्प के प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।*

*(iv)* *प्रश्न संख्या **1** से **3** और **10** तक लघु-उत्तरीय प्रकार–I के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न के **2** अंक हैं ।*

*(v)* *प्रश्न संख्या **4** से **6** और **11** तक लघु-उत्तरीय प्रकार–II के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न के **3** अंक हैं ।*

*(vi)* *प्रश्न संख्या **7** से **9** और **12** तक दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न के **5** अंक हैं ।*

*(vii)* *कोई समग्र विकल्प नहीं है । हालाँकि, **तीन** अंकों वाले **3** प्रश्नों में और **पाँच** अंकों वाले **1** प्रश्न में आंतरिक विकल्प प्रदान किया गया है ।*

## भाग क

## (अलाभकारी संगठनों, साझेदारी फर्मों तथा कम्पनियों के लिए लेखांकन)

**1.** निम्नलिखित के आधार पर ‘आय एवं व्यय खाते’ तथा ‘प्राप्ति एवं भुगतान खाते’ में अंतर्भेद कीजिए : *2*

(क) प्रकृति

(ख) अवधि

**2.** अमन, नमन तथा नील एक फर्म के साझेदार थे तथा 1 : 2 : 1 के अनुपात में लाभों को बाँटते थे । नील की सेवानिवृत्ति हुई तथा उसने अपने भाग का $\frac{2}{3}$वाँ भाग अमन के पक्ष में तथा बाकी भाग नमन के पक्ष में त्याग दिया ।

अमन एवं नमन के नए लाभ विभाजन अनुपात की गणना कीजिए । *2*

collegebatch.com

***General Instructions :***

*Read the following instructions very carefully and strictly follow them :*

*(i)* *This question paper comprises of* ***two*** *parts –* ***Part A*** *and* ***Part B****. There are* ***12*** *questions in the question paper.* ***All*** *questions are compulsory.*

*(ii)* ***Part A*** *is* ***compulsory*** *for all candidates.*

*(iii)* ***Part B*** *has two options i.e. (1) Analysis of Financial Statements and (2) Computerised Accounting. Students must attempt only* ***one*** *of the given options.*

*(iv)* *Questions no.* ***1*** *to* ***3*** *and* ***10*** *are Short Answer Type–I Questions carrying* ***2*** *marks each.*

*(v)* *Questions no.* ***4*** *to* ***6*** *and* ***11*** *are Short Answer Type–II Questions carrying* ***3*** *marks each.*

*(vi)* *Questions no.* ***7*** *to* ***9*** *and* ***12*** *are Long Answer Type Questions carrying* ***5*** *marks each.*

*(vii)* *There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in* ***3*** *questions of* ***three*** *marks and* ***1*** *question of* ***five*** *marks.*

## PART A
### (Accounting for Not-for-Profit Organisations, Partnership Firms and Companies)

**1.** Distinguish between 'Income and Expenditure Account' and 'Receipts and Payments Account' on the basis of the following : *2*

(a) Nature

(b) Period

**2.** Aman, Naman and Neel were partners in a firm sharing profits in the ratio of 1 : 2 : 1. Neel retires and he surrenders $\frac{2}{3}$rd of his share in favour of Aman and the remaining share in favour of Naman.

Calculate the new profit sharing ratio of Aman and Naman. *2*

**3.** क, ख तथा ग एक फर्म के साझेदार थे तथा 7 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे । फर्म प्रति वर्ष अपने खाते 31 मार्च को बंद करती है । 30 जून, 2022 को क का देहान्त हो गया । मृत्यु के वर्ष में क के लाभ की गणना पिछले वर्ष के लाभ के आधार पर की जाएगी । 31 मार्च, 2022 को समाप्त हुए वर्ष में फर्म का लाभ ₹ 16,00,000 था । मृत्यु के वर्ष में क के लाभ की गणना कीजिए । *2*

**4.** (क) 31 मार्च, 2022 को समाप्त हुए वर्ष में यंग क्रिकेट क्लब ने ₹ 48,000 चन्दा प्राप्त किया । इस प्राप्त हुए चन्दे में से ₹ 8,000 वर्ष 2020 – 21 तथा ₹ 6,000 वर्ष 2022 – 23 से संबंधित थे । 31 मार्च, 2022 को ₹ 12,000 चन्दा अभी अदत्त था । पिछले वर्ष ₹ 16,000 अग्रिम चन्दा प्राप्त हुआ था ।

चन्दा खाता तैयार करके 31 मार्च, 2022 को समाप्त हुए वर्ष के लिए आय एवं व्यय खाते के जमा पक्ष में खतौनी की जाने वाली चन्दे की राशि दर्शाइए । *3*

**अथवा**

(ख) 31 मार्च, 2022 को समाप्त हुए वर्ष में एल्फा क्लब ने लेनदारों को स्टेशनरी क्रय के लिए ₹ 37,000 का भुगतान किया । स्टेशनरी से संबंधित निम्नलिखित अतिरिक्त सूचना से, 31 मार्च, 2022 को समाप्त हुए वर्ष के लिए आय एवं व्यय खाते के नाम पक्ष में खतौनी की जाने वाली स्टेशनरी की राशि की गणना कीजिए । *3*

*अतिरिक्त सूचना :*

| विवरण | अप्रैल 1, 2021 ₹ | मार्च 31, 2022 ₹ |
|---|---|---|
| स्टेशनरी का स्टॉक | 7,000 | 11,000 |
| स्टेशनरी के लेनदार | 9,000 | 6,000 |

**3.** A, B and C were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 7 : 2 : 1. The firm closes its books on 31st March every year. On 30th June, 2022, A died. A's share of profit in the year of his death was to be calculated on the basis of the profit of the previous year. The profit of the firm for the year ended 31st March, 2022 was ₹ 16,00,000. Calculate A's share of profit in the year of his death. *2*

**4.** (a) Young Cricket Club received ₹ 48,000 as subscriptions during the year ended 31st March, 2022. Out of these subscriptions received, ₹ 8,000 belonged to the year 2020 – 21 and ₹ 6,000 belonged to the year 2022 – 23. On 31st March, 2022 subscriptions of ₹ 12,000 were still outstanding. During the previous year subscriptions of ₹ 16,000 were received in advance.

Prepare Subscriptions Account showing the amount of subscriptions to be credited to Income and Expenditure Account for the year ended 31st March, 2022. *3*

**OR**

(b) During the year ended 31st March, 2022 Alfa Club paid ₹ 37,000 to creditors for purchase of stationery. From the following additional information regarding stationery, calculate the amount of stationery to be debited to the Income and Expenditure Account for the year ended 31st March, 2022. *3*

*Additional Information :*

| Details | April 1, 2021 ₹ | March 31, 2022 ₹ |
|---|---|---|
| Stock of Stationery | 7,000 | 11,000 |
| Creditors for Stationery | 9,000 | 6,000 |

**5.** (क) एक्स लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 15,000, 8% ऋणपत्रों के निर्गमन के लिए आवेदन आमन्त्रित किए । राशि का भुगतान निम्न प्रकार से देय था :

| | | |
|---|---|---|
| आवेदन पर | – | ₹ 20 प्रति ऋणपत्र |
| आबंटन पर | – | शेष |

30,000 ऋणपत्रों के लिए आवेदन प्राप्त हुए । 5,000 ऋणपत्रों के आवेदनों को रद्द कर दिया गया तथा आवेदकों को आवेदन राशि वापस कर दी गई । शेष आवेदकों को आनुपातिक आधार पर आबंटन कर दिया गया । अतिरिक्त आवेदन राशि का समायोजन आबंटन पर देय राशि में कर लिया गया । शेष आबंटन राशि पूर्ण प्राप्त हो गई ।

उपर्युक्त लेनदेनों के लिए एक्स लिमिटेड की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । *3*

**अथवा**

(ख) निम्नलिखित स्थितियों में ऋणपत्रों के निर्गमन की आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए :

(i) वाई लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के ₹ 5,00,000, 9% ऋणपत्रों का निर्गमन सममूल्य पर किया । इन ऋणपत्रों का शोधन तीन वर्ष पश्चात् 10% के प्रीमियम पर करना है ।

(ii) ज़ैड लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 4500, 9% ऋणपत्रों का निर्गमन 10% के बट्टे पर किया । इन ऋणपत्रों का शोधन तीन वर्ष पश्चात् 5% के प्रीमियम पर करना है । *3*

**6.** मोहन, गिरधारी तथा श्याम एक फर्म के साझेदार थे तथा 4 : 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे । 31 मार्च, 2022 को गिरधारी की सेवानिवृत्ति हुई । संचयों, परिसम्पत्तियों के पुनर्मूल्यांकन तथा देयताओं के पुनर्निर्धारण के पश्चात् गिरधारी के पूँजी खाते में ₹ 5,00,000 का शेष था । मोहन तथा श्याम गिरधारी के दावे के पूर्ण निपटान हेतु ₹ 5,90,000 का भुगतान करने को सहमत हो गए ।

फर्म की ख्याति के मूल्य की गणना कीजिए तथा गिरधारी की सेवानिवृत्ति पर ख्याति खाता खोले बिना ख्याति के लेखांकन के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टि कीजिए । *3*

collegebatch.com

**5.** (a) X Ltd. invited applications for issuing 15,000 8% Debentures of ₹ 100 each. The amount was payable as follows :

On Application – ₹ 20 per Debenture

On Allotment – Balance

Applications for 30,000 Debentures were received. Applications for 5,000 Debentures were rejected and the application money was refunded to the applicants. Prorata allotment was made to the remaining applicants. Excess money received with applications was adjusted towards sums due on allotment. The remaining allotment money was duly received.

Pass necessary journal entries for the above transactions in the books of X Ltd. *3*

**OR**

(b) Pass necessary journal entries for the issue of Debentures in the following cases :

(i) Y Ltd. issued ₹ 5,00,000, 9% Debentures of ₹ 100 each at par redeemable at a premium of 10% after three years.

(ii) Z Ltd. issued 4500, 9% Debentures of ₹ 100 each at a discount of 10% redeemable at a premium of 5% after three years. *3*

**6.** Mohan, Girdhari and Shyam were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 4 : 3 : 2. On 31$^{st}$ March, 2022, Girdhari retired. After making all adjustments on account of reserves, revaluation of assets and reassessment of liabilities, the balance in Girdhari's Capital Account stood at ₹ 5,00,000. Mohan and Shyam agreed to pay Girdhari ₹ 5,90,000 in full settlement of his claim.

Calculate the value of goodwill of the firm and pass the necessary journal entry for the treatment of goodwill on Girdhari's retirement without raising goodwill account. *3*

**7.** 31 मार्च, 2022 को समाप्त हुए वर्ष के लिए मनोरंजन क्लब का 'प्राप्ति एवं भुगतान खाता' निम्न प्रकार है : *5*

**31 मार्च, 2022 को समाप्त हुए वर्ष के लिए मनोरंजन क्लब का प्राप्ति एवं भुगतान खाता**

| प्राप्तियाँ | | राशि ₹ | भुगतान | | राशि ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| शेष आगे लाए | | | स्टाफ वेतन | | 1,71,000 |
| रोकड़ | 10,000 | | संगीत यंत्रों का क्रय | | 80,000 |
| बैंक | 15,700 | 25,700 | संगीत यंत्रों की मरम्मत | | 4,000 |
| चन्दा : | | | प्रशिक्षकों का मानदेय | | 2,48,000 |
| 2020 – 21 | 7,000 | | 1.1.2022 को | | |
| 2021 – 22 | 3,00,000 | | 12% स्थायी जमा | | 1,00,000 |
| 2022 – 23 | 4,000 | 3,11,000 | शेष आगे ले गए | | |
| पुराने फर्नीचर की बिक्री (पुस्तक मूल्य ₹ 25,000) | | 5,000 | रोकड़ | 5,000 | |
| पुरानी पत्रिकाओं की बिक्री | | 3,000 | बैंक | 61,700 | 66,700 |
| संगीत कार्यक्रमों से प्राप्तियाँ | | 2,00,000 | | | |
| सीखने वालों से फीस | | 1,25,000 | | | |
| | | 6,69,700 | | | 6,69,700 |

*अतिरिक्त सूचना :*

(i) क्लब के 1500 सदस्य हैं, प्रत्येक सदस्य ₹ 200 वार्षिक चन्दे का भुगतान करता है ।

(ii) 31 मार्च, 2022 को समाप्त हुए वर्ष के लिए मनोरंजन क्लब का आय एवं व्यय खाता तैयार कीजिए ।

collegebatch.com

**7.** Following is the 'Receipts and Payments Account' of Manoranjan Club for the year ended 31st March, 2022 : *5*

**Receipts and Payments Account of Manoranjan Club for the year ended 31st March, 2022**

| Receipts | | Amount ₹ | Payments | | Amount ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| Balance b/d | | | Staff Salaries | | 1,71,000 |
| Cash | 10,000 | | Musical Instruments Purchased | | 80,000 |
| Bank | 15,700 | 25,700 | Repair of Musical Instruments | | 4,000 |
| Subscriptions : | | | Honorarium to trainers | | 2,48,000 |
| 2020 – 21 | 7,000 | | 12% Fixed Deposit (On 1.1.2022) | | 1,00,000 |
| 2021 – 22 | 3,00,000 | | | | |
| 2022 – 23 | 4,000 | 3,11,000 | Balance c/d | | |
| Sale of old furniture (Book value ₹ 25,000) | | 5,000 | Cash | 5,000 | |
| Sale of old magazines | | 3,000 | Bank | 61,700 | 66,700 |
| Proceeds from music concerts | | 2,00,000 | | | |
| Fee from learners | | 1,25,000 | | | |
| | | 6,69,700 | | | 6,69,700 |

*Additional Information :*

(i) The Club has 1500 members each paying an annual subscription of ₹ 200.

(ii) Prepare Income and Expenditure Account of Manoranjan Club for the year ended 31st March, 2022.

collegebatch.com

**8.** बी लिमिटेड ने सी लिमिटेड से ₹ 3,00,000 मूल्य का भवन, ₹ 2,80,000 मूल्य का संयंत्र तथा ₹ 20,000 मूल्य का फर्नीचर ₹ 6,30,000 के क्रय मूल्य पर खरीदा । क्रय मूल्य का भुगतान बी लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 9% ऋणपत्रों के निर्गमन द्वारा किया ।

बी लिमिटेड की पुस्तकों में परिसम्पत्तियों के अधिग्रहण तथा ऋणपत्रों के निर्गमन के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए जब :

(क) ऋणपत्रों का निर्गमन सममूल्य पर किया गया हो ।

(ख) ऋणपत्रों का निर्गमन 25% के प्रीमियम पर किया गया हो ।

(ग) ऋणपत्रों का निर्गमन 10% के बट्टे पर किया गया हो । *5*

**9.** (क) एक्स, वाई तथा ज़ैड एक फर्म के साझेदार थे तथा 3 : 3 : 4 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे । 31 मार्च, 2022 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार से था :

**31 मार्च, 2022 को एक्स, वाई तथा ज़ैड का स्थिति विवरण**

| देयताएँ | | राशि ₹ | परिसम्पत्तियाँ | राशि ₹ |
|---|---|---|---|---|
| विविध लेनदार | | 34,000 | बैंक | 1,74,000 |
| देय बिल | | 29,000 | विविध देनदार | 2,00,000 |
| सामान्य संचय | | 2,00,000 | प्राप्य बिल | 26,000 |
| पूँजी : | | | स्टॉक | 1,50,000 |
| एक्स | 3,00,000 | | फर्नीचर | 1,28,000 |
| वाई | 3,00,000 | | मशीनरी | 2,00,000 |
| ज़ैड | 4,00,000 | 10,00,000 | भूमि तथा भवन | 3,85,000 |
| | | 12,63,000 | | 12,63,000 |

उपर्युक्त तिथि को निम्नलिखित शर्तों पर ज़ैड ने अवकाश ग्रहण किया :

(i) देनदारों पर संदिग्ध तथा डूबत ऋणों के लिए 3% का प्रावधान किया जाएगा ।

(ii) स्टॉक को ₹ 5,000 से तथा फर्नीचर को ₹ 2,000 से कम किया जाएगा ।

(iii) भूमि तथा भवन को ₹ 4,00,000 तक ले जाया जाएगा तथा मशीनरी को ₹ 1,80,000 तक लाया जाएगा ।

पुनर्मूल्यांकन खाता तथा ज़ैड को देय राशि उसके ऋण खाते में हस्तान्तरित करके उसका पूँजी खाता तैयार कीजिए । *5*

**अथवा**

**8.** B Ltd. purchased Building worth ₹ 3,00,000, Plant worth ₹ 2,80,000 and Furniture worth ₹ 20,000 from C Ltd. for a purchase consideration of ₹ 6,30,000. B Ltd. paid the purchase consideration by issuing 9% debentures of ₹ 100 each.

Pass necessary journal entries in the books of B Ltd. for the acquisition of assets and issue of debentures when :

(a) Debentures were issued at par.

(b) Debentures were issued at a premium of 25%.

(c) Debentures were issued at a discount of 10%. *5*

**9.** (a) X, Y and Z were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 3 : 3 : 4. On 31st March, 2022 their Balance Sheet was as follows :

**Balance Sheet of X, Y and Z as at 31st March, 2022**

| Liabilities | | Amount ₹ | Assets | Amount ₹ |
|---|---|---|---|---|
| Sundry Creditors | | 34,000 | Bank | 1,74,000 |
| Bills Payable | | 29,000 | Sundry Debtors | 2,00,000 |
| General Reserve | | 2,00,000 | Bills Receivable | 26,000 |
| Capitals : | | | Stock | 1,50,000 |
| X | 3,00,000 | | Furniture | 1,28,000 |
| Y | 3,00,000 | | Machinery | 2,00,000 |
| Z | 4,00,000 | 10,00,000 | Land and Building | 3,85,000 |
| | | 12,63,000 | | 12,63,000 |

On the above date, Z retired on the following terms :

(i) A provision of 3% on debtors will be created for bad and doubtful debts.

(ii) Stock will be reduced by ₹ 5,000 and furniture by ₹ 2,000.

(iii) Land and building will be brought up to ₹ 4,00,000 and machinery will be brought down to ₹ 1,80,000.

Prepare Revaluation Account and Z's Capital Account, transferring the amount due to his loan account. *5*

**OR**

collegebatch.com

(ख) सोनू, मोनू तथा आशु एक फर्म के साझेदार थे तथा 5 : 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे । 31 मार्च, 2022 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार से था :

**31 मार्च, 2022 को सोनू, मोनू तथा आशु का स्थिति विवरण**

| देयताएँ | | राशि ₹ | परिसम्पत्तियाँ | | राशि ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| लेनदार | | 35,000 | बैंक | | 22,000 |
| सामान्य संचय | | 25,000 | स्टॉक | | 25,000 |
| | | | देनदार | 20,000 | |
| पूँजी : | | | घटा : डूबत ऋणों | | |
| सोनू | 50,000 | | के लिए प्रावधान | 2,000 | 18,000 |
| मोनू | 30,000 | | फर्नीचर | | 15,000 |
| आशु | 20,000 | 1,00,000 | भूमि तथा भवन | | 80,000 |
| | | 1,60,000 | | | 1,60,000 |

निम्नलिखित शर्तों पर उपर्युक्त तिथि को फर्म का विघटन हो गया :

(i) भूमि तथा भवन से ₹ 85,000 की वसूली हुई, फर्नीचर से ₹ 6,000 की वसूली हुई तथा देनदारों से पूर्ण राशि की वसूली हुई ।

(ii) सोनू ने स्टॉक पुस्तक मूल्य पर ले लिया । एक अपलिखित परिसम्पत्ति थी जिसे आशु ने ₹ 3,000 में ले लिया ।

(iii) मोनू सभी वसूली व्यय वहन करने के लिए सहमत था । उसकी इस सेवा के लिए मोनू को ₹ 2,000 का भुगतान किया गया । वास्तविक वसूली व्यय ₹ 2,200 थे ।

(iv) लेनदारों का भुगतान 2% कम पर किया गया ।

वसूली खाता तैयार कीजिए । *5*

## भाग ख

## विकल्प 1

## (वित्तीय विवरणों का विश्लेषण)

**10.** 'रोकड़ प्रवाह विवरण' का क्या अर्थ है ? *2*

collegebatch.com

(b) Sonu, Monu and Ashu were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 5 : 3 : 2. On 31st March, 2022 their Balance Sheet was as follows :

**Balance Sheet of Sonu, Monu and Ashu as at 31st March, 2022**

| Liabilities | | Amount ₹ | Assets | | Amount ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| Creditors | | 35,000 | Bank | | 22,000 |
| General Reserve | | 25,000 | Stock | | 25,000 |
| | | | Debtors | 20,000 | |
| Capitals : | | | Less : Provision | | |
| Sonu | 50,000 | | for bad debts | 2,000 | 18,000 |
| Monu | 30,000 | | Furniture | | 15,000 |
| Ashu | 20,000 | 1,00,000 | Land and Building | | 80,000 |
| | | 1,60,000 | | | 1,60,000 |

On the above date, the firm was dissolved on the following terms :

(i) Land and Building realised for ₹ 85,000, Furniture realised for ₹ 6,000 and Debtors realised full amount.

(ii) Stock was taken over by Sonu at book value. There was an unrecorded asset which was taken over by Ashu for ₹ 3,000.

(iii) Monu agreed to bear all realisation expenses. For his services Monu was paid ₹ 2,000. Actual expenses on realisation amounted to ₹ 2,200.

(iv) Creditors were paid at 2% less.

Prepare Realisation Account. *5*

## PART B

## OPTION 1

## (Analysis of Financial Statements)

**10.** What is meant by 'Cash Flow Statement' ? *2*

collegebatch.com

**11.** (क) निम्नलिखित सूचना से, 31 मार्च, 2022 को समाप्त हुए वर्ष के लिए राजा लिमिटेड का 'तुलनात्मक लाभ-हानि विवरण' तैयार कीजिए : *3*

| विवरण | 2021 – 22<br>₹ | 2020 – 21<br>₹ |
|---|---|---|
| प्रचालनों से आगम | 18,00,000 | 15,00,000 |
| अन्य आय | 3,00,000 | 2,50,000 |
| व्यय | 15,00,000 | 7,50,000 |
| आयकर की दर 50% | | |

**अथवा**

(ख) 31 मार्च, 2022 को शीतल लिमिटेड के निम्नलिखित स्थिति विवरण से 'सामान्य आकार स्थिति विवरण' तैयार कीजिए : *3*

**31 मार्च, 2022 को शीतल लिमिटेड का स्थिति विवरण**

| विवरण | नोट सं. | 31.3.2022<br>₹ | 31.3.2021<br>₹ |
|---|---|---|---|
| **I – समता तथा देयताएँ :** | | | |
| 1. अंशधारक निधियाँ | | | |
| अंश पूँजी | | 10,00,000 | 10,00,000 |
| 2. अचल देयताएँ | | | |
| दीर्घकालीन उधार | | 5,00,000 | 3,00,000 |
| 3. चालू देयताएँ | | | |
| व्यापारिक देय | | 10,00,000 | 7,00,000 |
| **कुल** | | 25,00,000 | 20,00,000 |
| **II – परिसम्पत्तियाँ :** | | | |
| 1. अचल परिसम्पत्तियाँ | | | |
| स्थायी परिसम्पत्तियाँ | | | |
| (क) मूर्त परिसम्पत्तियाँ | | 15,00,000 | 12,00,000 |
| (ख) अमूर्त परिसम्पत्तियाँ | | 4,00,000 | 5,00,000 |
| 2. चालू परिसम्पत्तियाँ | | | |
| रोकड़ एवं रोकड़ तुल्य | | 6,00,000 | 3,00,000 |
| **कुल** | | 25,00,000 | 20,00,000 |

**11.** (a) From the following information, prepare 'Comparative Statement of Profit and Loss' of Raja Ltd. for the year ended 31st March, 2022 : *3*

| Particulars | 2021 – 22 ₹ | 2020 – 21 ₹ |
|---|---|---|
| Revenue from Operations | 18,00,000 | 15,00,000 |
| Other Income | 3,00,000 | 2,50,000 |
| Expenses | 15,00,000 | 7,50,000 |
| Income Tax Rate 50% | | |

**OR**

(b) From the following Balance Sheet of Sheetal Ltd. as at 31st March, 2022, prepare a 'Common Size Balance Sheet' : *3*

**Balance Sheet of Sheetal Ltd. as at 31st March, 2022**

| Particulars | Note No. | 31.3.2022 ₹ | 31.3.2021 ₹ |
|---|---|---|---|
| **I – Equity and Liabilities :** | | | |
| 1. Shareholders' Funds | | | |
| Share Capital | | 10,00,000 | 10,00,000 |
| 2. Non-Current Liabilities | | | |
| Long-term Borrowings | | 5,00,000 | 3,00,000 |
| 3. Current Liabilities | | | |
| Trade Payables | | 10,00,000 | 7,00,000 |
| **Total** | | 25,00,000 | 20,00,000 |
| **II – Assets :** | | | |
| 1. Non-Current Assets | | | |
| Fixed Assets | | | |
| (a) Tangible Assets | | 15,00,000 | 12,00,000 |
| (b) Intangible Assets | | 4,00,000 | 5,00,000 |
| 2. Current Assets | | | |
| Cash and Cash Equivalents | | 6,00,000 | 3,00,000 |
| **Total** | | 25,00,000 | 20,00,000 |

collegebatch.com

**12.** 31 मार्च, 2022 को अनुराधा लिमिटेड के निम्नलिखित स्थिति विवरण से प्रचालन गतिविधियों से रोकड़ प्रवाह की गणना कीजिए : *5*

**31 मार्च, 2022 को अनुराधा लिमिटेड का स्थिति विवरण**

| विवरण | नोट सं. | 31.3.2022 ₹ | 31.3.2021 ₹ |
|---|---|---|---|
| **I – समता तथा देयताएँ :** | | | |
| 1. अंशधारक निधियाँ | | | |
| (क) अंश पूँजी | 1 | 3,00,000 | 2,50,000 |
| (ख) संचय एवं आधिक्य | 2 | 1,50,000 | 1,00,000 |
| 2. अचल देयताएँ | | | |
| दीर्घकालीन उधार | 3 | 75,000 | 25,000 |
| 3. चालू देयताएँ | | | |
| (क) व्यापारिक देय | | 25,000 | 50,000 |
| (ख) अन्य चालू देयताएँ | 4 | 50,000 | 75,000 |
| **कुल** | | 6,00,000 | 5,00,000 |
| **II – परिसम्पत्तियाँ :** | | | |
| 1. अचल परिसम्पत्तियाँ | | | |
| स्थायी परिसम्पत्तियाँ | | | |
| (क) मूर्त परिसम्पत्तियाँ | 5 | 4,50,000 | 2,74,000 |
| (ख) अमूर्त परिसम्पत्तियाँ | 6 | 24,000 | 26,000 |
| 2. चालू परिसम्पत्तियाँ | | | |
| (क) मालसूची (स्टॉक) | | 76,000 | 1,00,000 |
| (ख) व्यापारिक प्राप्य | | 20,000 | 10,000 |
| (ग) रोकड़ एवं रोकड़ तुल्य | | 30,000 | 90,000 |
| **कुल** | | 6,00,000 | 5,00,000 |

collegebatch.com

**12.** From the following Balance Sheet of Anuradha Ltd. as at 31st March, 2022, calculate Cash from Operating Activities : *5*

**Balance Sheet of Anuradha Ltd. as at 31st March, 2022**

| Particulars | Note No. | 31.3.2022 ₹ | 31.3.2021 ₹ |
|---|---|---|---|
| **I – Equity and Liabilities :** | | | |
| 1. Shareholders' Funds | | | |
| (a) Share Capital | 1 | 3,00,000 | 2,50,000 |
| (b) Reserves and Surplus | 2 | 1,50,000 | 1,00,000 |
| 2. Non-Current Liabilities | | | |
| Long-term Borrowings | 3 | 75,000 | 25,000 |
| 3. Current Liabilities | | | |
| (a) Trade Payables | | 25,000 | 50,000 |
| (b) Other Current Liabilities | 4 | 50,000 | 75,000 |
| **Total** | | 6,00,000 | 5,00,000 |
| **II – Assets :** | | | |
| 1. Non-Current Assets | | | |
| Fixed Assets | | | |
| (a) Tangible Assets | 5 | 4,50,000 | 2,74,000 |
| (b) Intangible Assets | 6 | 24,000 | 26,000 |
| 2. Current Assets | | | |
| (a) Inventories | | 76,000 | 1,00,000 |
| (b) Trade Receivables | | 20,000 | 10,000 |
| (c) Cash and Cash Equivalents | | 30,000 | 90,000 |
| **Total** | | 6,00,000 | 5,00,000 |

खातों के नोट्स :

| नोट सं. | विवरण | 31.3.2022 ₹ | 31.3.2021 ₹ |
|---|---|---|---|
| 1. | अंश पूँजी | | |
| | समता अंश पूँजी | 3,00,000 | 2,50,000 |
| 2. | संचय एवं आधिक्य | | |
| | आधिक्य (लाभ-हानि विवरण का शेष) | 1,50,000 | 1,00,000 |
| 3. | दीर्घकालीन उधार | | |
| | 12% ऋणपत्र | 75,000 | 25,000 |
| 4. | अन्य चालू देयताएँ | | |
| | अदत्त किराया | 50,000 | 75,000 |
| 5. | मूर्त परिसम्पत्तियाँ | | |
| | (क) भूमि तथा भवन | 4,00,000 | 2,00,000 |
| | (ख) फर्नीचर | 50,000 | 74,000 |
| | | 4,50,000 | 2,74,000 |
| 6. | अमूर्त परिसम्पत्तियाँ | | |
| | एकस्व | 24,000 | 26,000 |

*अतिरिक्त सूचना :*

(i) ₹ 50,000, 12% ऋणपत्रों का निर्गमन 31 मार्च, 2022 को किया गया ।

(ii) वर्ष में फर्नीचर पर ₹ 24,000 का मूल्यह्रास लगाया गया ।

## भाग ख

## विकल्प 2

## (कम्प्यूट्रीकृत लेखांकन)

**10.** 'पासवर्ड सिक्यूरिटी' मद का अर्थ दीजिए । *2*

**11.** (क) शुद्ध वेतन की गणना कैसे की जाती है ? समझाइए । *3*

**अथवा**

(ख) 'कॉन्ट्रा वाउचर' तथा 'प्राप्ति वाउचर' मदों को उदाहरण देते हुए समझाइए । *3*

**12.** खाता समूह 'लाभ-हानि खाता' में सम्मिलित खातों के नाम बताइए व व्याख्या कीजिए । *5*

collegebatch.com

Notes of Accounts :

| Note No. | Particulars | 31.3.2022 ₹ | 31.3.2021 ₹ |
|---|---|---|---|
| 1. | Share Capital | | |
| | Equity Share Capital | 3,00,000 | 2,50,000 |
| 2. | Reserves and Surplus | | |
| | Surplus (Balance in the Statement of Profit and Loss) | 1,50,000 | 1,00,000 |
| 3. | Long-term Borrowings | | |
| | 12% Debentures | 75,000 | 25,000 |
| 4. | Other Current Liabilities | | |
| | Outstanding Rent | 50,000 | 75,000 |
| 5. | Tangible Assets | | |
| | (a) Land and Building | 4,00,000 | 2,00,000 |
| | (b) Furniture | 50,000 | 74,000 |
| | | 4,50,000 | 2,74,000 |
| 6. | Intangible Assets | | |
| | Patents | 24,000 | 26,000 |

*Additional Information :*

(i) ₹ 50,000, 12% Debentures were issued on 31st March, 2022.

(ii) During the year ₹ 24,000 was charged as depreciation on furniture.

## PART B
## OPTION 2
## (Computerised Accounting)

**10.** Give the meaning of the term 'Password Security'. *2*

**11.** (a) How is Net Salary calculated ? Explain. *3*

**OR**

(b) Explain the terms 'Contra Voucher' and 'Receipt Voucher' by giving examples. *3*

**12.** Name and explain the accounts involved in Accounts Group 'Profit and Loss Account'. *5*